ई–मेल/ स्पीड पोस्ट

पत्र सं०–1प/विविध–14–30/2019/6112/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

गोविन्द चौधरी,
उप सचिव।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्,
सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, पंचायत राज कार्यालय,
सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी–सह–प्राचार्य, बिहार।

पटना, दिनांक–21/4/2026

विषयः– **बिहार पंचायत सेवा संवर्ग के ग्रुप–A एवं ग्रुप–B के पदाधिकारियो का वर्ष, 2025–26 का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (PAR) को SPARROW प्रणाली के तहत आलेखन करने हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 682 दिनांक 19.01.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1781 दिनांक–24.01.2023 के आलोक में पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत कार्यरत बिहार पंचायत सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों का वर्ष 2025–26 के लिए बिहार SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) प्रणाली के तहत कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (PAR) को e-PAR के माध्यम से अभिलिखित किये जाने हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सूचना प्रविष्ट कराते हुए विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, जो सम्प्रति अप्राप्त है।

विदित हो कि SPARROW के माध्यम से कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रगति/आलेखन की गहन समीक्षा मुख्य सचिव, बिहार द्वारा लगातार की जा रही है।

अतएव निदेशित किया जाता है कि वर्ष, 2025–26 का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (PAR) अभिलिखित किये जाने हेतु संलग्न विहित प्रपत्र में वांछित सूचना प्रविष्ट कराते हुए पत्र प्राप्ति के 07 (सात) कार्य दिवस के अंदर निश्चित रूप से विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

21/4/26

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–1प/विविध–14–30/2019/6112/पं०रा० पटना, दिनांक 21/4/2026

प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी/बिहार पंचायत सेवा के सभी पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

P.T.O.

ज्ञापांकः–1प/विविध–14–30/2019/6112/पं०रा० पटना, दिनांक 21/4/2026

प्रतिलिपिः–आई०टी०प्रबंधक/प्रोग्रामर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

D:\Amit 2026\Aashish Kr Jha 2026\Letter.docx

SPARROW e-PAR Workflow (Year: 2025-26) for members of BPS		
SN	1	2
1	Name of Officer/Official	
2	Civil List Number	
3	Date of Birth (DD/MM/YYYY)	
4	Present Grade	
5	Name of Present Post	
6	Date of Appointment at Present Post	
7	Period (01-04-2025 to 31-03-2026)	
8	Reporting Officer (DPRO)	
9	Reviewing Officer (CEO-cum-Zila Parishad)	
10	Accepting Officer (DM)	
11	Leave/Training Period	
12	Awards	
13	Honors	
		Signature: Designation: Place: